वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 306 सोमवार 4 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# सौ दिवसीय कार्ययोजना के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से करें पूरा विभागों में नवाचारों को दिया जाए बढ़ावा: मुख्यमंत्री शर्मा

## सौ दिवसीय कार्ययोजना एवं बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर की समीक्षा

## कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन के दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर. शाबाश इंडिया





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सौ दिवसीय कार्ययोजना में शामिल सभी बिन्दुओं को लागू करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कार्ययोजना में शामिल सभी लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही सभी विभागों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं कार्यकुशलता को बढ़ावा देने के लिए नवाचारों को भी अपनाया जाए। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सौ दिवसीय कार्ययोजना में शामिल बिन्दुओं एवं बजट (लेखानुदान 2024-25) घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सौ दिवसीय कार्ययोजना की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मामलों का शीघ्र निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राजस्व के लंबित प्रकरणो का तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। साथ ही उन्होंने राजस्व संबंधी दस्तावेजो में सुधारीकरण आदि कार्यों के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### राज्य में उद्योग एवं उद्यमिता को मिले बढ़ावा

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं अधिकाधिक युवा उद्यमियों को इन योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि उद्योग संबंधी योजनाओं, कार्यों एवं नवाचारों को स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाये गए विकास कार्यों के भुगतान से पहले कार्यस्थलों का आवश्यक रूप से निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया जाए, ताकि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संवेदको के पंजीकरण व भुगतान की प्रक्रिया के सरलीकरण की समीक्षा करते हुए इसे पारदर्शी एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हो विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रदेश में खोले जाने वाले नये उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्यों का रोडमैप तैयार किया जाये। इस दौरान उन्होंने राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के गठन, आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी की बजट घोषणा के क्रियान्वयन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। शर्मा ने गृह विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राजकॉप एप्लीकेशन में बीट सत्यापन मॉड्यूल को तकनीकी दक्षता के साथ प्रभावी बनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि मॉड्यूल में उपयोगी जानकारी एक स्थान पर समावेशित रूप में उपलब्ध करवायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आध्यात्मिक संस्कृति को बढावा देने के उद्देश्य से त्यौहारों का आयोजन विशेष कार्ययोजना के साथ किया जाए। साथ ही प्रदेश में तीर्थस्थलों के आधारभूत विकास को बढ़ावा देते हुए दर्शनार्थियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाए। शर्मा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की सौ दिवसीय कार्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि मंडियों को आधुनिकता के साथ विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि मंडी के लिए भू-खण्ड एवं निर्मित दुकानों के आवंटन में सरल व प्रभावी प्रक्रिया अपनायी जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनन्द कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुनि श्री विशद सागर महाराज ससंघ का हुआ कुण्डलपुर में प्रवेश



जयकुमार जलज. शाबाश इंडिया

**कुण्डलपुर।** पूज्य संतशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 विशद सागर जी महाराज, श्री निराकुल सागर जी महाराज ससंघ की भव्य आगवानी श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में रविवार को सुबह हुई। कुंडलपुर की समस्त दीदी भैया जी कुंडलपुर कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही प्रबंधक मोतीलाल जैन व समस्त स्टाफ और कुंडलपुर जैन समाज, हथकरघा के भैया जी पूणार्यु के भैया आदि सभी ने गुरुदेव की भव्य आगवानी की। **वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा**

# हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन, 66 रोगी हुए लाभान्वित




कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया

महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 16 वां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास आयोजित किया गया।शिविर शुभारंभ पर दानदाता परिवार से केलाश चन्द पांड्या, डा जितेश जैन के माता पिता तारा देवी विमल चन्द अजमेरा, सुमन देवी विमल चन्द झांझरी, विमल चन्द पाटोदी का संस्था के गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजित पहाड़िया, वीर विनोद झांझरी, वीर प्रदीप जैन, वीर नरेश झांझरी द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर संयोजक संजय अग्रवाल, सुरेश गंगवाल ने बताया कि 35 एक्सरे व 40 रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। वीर संदीप पांड्या वीर प्रदीप गंगवाल, राजेश अग्रवाल, महेश लड्ढा, बोदु कुमावत नितेश चोधरी ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया।

**-रामावतार गोयल**

# कुण्डलपुर महामहोत्सव-2024 हेतु उपकार्यालय का विधायक मलैया ने किया शुभारंभ




जयकुमार जलज. शाबाश इंडिया

**कुण्डलपुर।** श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आगामी कार्यक्रम महामहोत्सव-2024 हेतु दमोह विधायक जयंत मलैया के कर कमलों से कुण्डलपुर में नये उप कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चन्द्रकुमार सराफ, कार्यक्रम संयोजक सेठ वीरेश जैन एवं क्षेत्र महामंत्री इंजी. आर.के. जैन द्वारा महोत्सव-2024 के लिए चल रही तैयारियों से माननीय जयंत मलैया जी को अवगत कराया। इस दौरान क्षेत्र समन्वयक ललित सराफ, मंदिर निर्माण सदस्य मोनू गांगरा आदि अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। **-वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी बकस्वाहा**

# गुलाबों की खुशबू और महक से खिल उठा सिटी पार्क



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोज सोसायटी आफ राजस्थान की ओर से मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में 49 वीं गुलाब प्रदर्शनी में 500 से अधिक विभिन्न श्रेणियां के गुलाबों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन राजस्थान आवासन मंडल जेडीए नगर निगम ग्रेटर एवं हेरिटेज की ओर से यह आयोजन किया गया। गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 1974 से लगातार किया जा रहा है। गुलाब प्रदर्शनी में प्रिंस ऑफ द शो का पुरस्कार होटल रामबाग पैलेस एवं द्वितीय पुरस्कार रामलाल को दिया गया। इसी प्रकार किंग ऑफ द शो जेडीए जयपुर क्वीन ऑफ द शो पीडी उदयपुर को दिया गया। प्रदर्शनी 7 ग्रुपों में भर्ती गई जिसमें विभिन्न श्रेणियां के ढाई सौ पुरस्कार सहित रोज लवर को लुभाने के लिए गार्डनिंग हॉबी को प्रोत्साहित कर बागवानी के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में इस पूर्व मुख्य सचिव अरुण कुमार, पूर्व इस आईसीसी श्रीवास्तव, पवन अरोड़ा, कलाकार रंजना चौधरी, अमित अग्रवाल एवं बी एल स्वामी मैं विजेताओं को पुरस्कार और ट्राफियां प्रदान किये। इसअवसर पर जयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों के 400 से अधिकविद्यार्थियों द्वारा आन सपोर्ट पेंटिंग कंपटीशन में भाग लिया। पेंटिंग कंपटीशन में तनवीर सोलंकी टैगोर विद्या भवन को प्रथम, प्रियांशी सक्सेना टैगोर विद्या भवन को देती है रंजना कुमारी टाइनी टाट्स एवं उदित कुमार टैगोर विद्या भवन को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर 43 ट्राफियां एवं 250 पुरस्कारों का वितरण किया गया।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज 4 मार्च से



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एबीएसटी विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय में तिरुपति कॉलेज आफ टेक्निकल एजुकेशन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्नोवेटिव रिसर्च और प्रैक्टिस इन कॉमर्स मैनेजमेंट एंड आईटी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज 4 मार्च से किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता प्रो. अल्पना कटेजा कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। अतिथियों के रूप में विधायक कालीचरण सराफ, विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य , प्रो.आर के गुप्ता (वी सी हिमाचल प्रदेश), प्रो वी अप्पा राव (अध्यक्ष आई ए ए हैदराबाद), प्रो. एम एल छीपा (पूर्व वी सी भोपाल) आदि प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक प्रो अशोक अग्रवाल व डॉ प्रियंका गोयल ने बताया कि देश विदेश से 400 से अधिक प्रतिभागियो ने अपना पंजीकरण करवाया है ' संगोष्ठी का आयोजन 2 दिनों में चार तकनीकी सत्रों में किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रतिष्ठित शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

# ऑर्थोपेडिक घुटना, कूल्हे ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं चर्म रोग हेतु शिविर का हुआ आयोजन




**घाटोल. शाबाश इंडिया।** आचार्य विद्यासागर महाराज के विनियांजली के रूप में महावीर इंटरनेशनल शाखा घाटोल के तत्वावधान में 3 मार्च 2024 रविवार को लाल बहादुर शास्त्री प्रांगण में एक दिवसीय भव्य ऑथोपेडिक घुटना, कूल्हे ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं चर्म रोग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन प्रातः 9 बजे किया गया। जिसमें डॉ. तेजस गांधी की टीम के द्वारा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट घुटना प्रत्यारोपण एवम् कूल्हे प्रत्यारोपण आदि की विस्तृत जानकारी देंगे साथ ही चलने में, सीढ़ी चढ़ने में, ज्यादा देर तक खड़े नही रह पाते, किसी भी प्रकार के ज्वाइंट तकलीफ की बीमारी का इलाज एवम् निशुल्क परामर्श एवम् जांच की गई। शिविर में अध्यक्ष वीर डॉक्टर सुंदरलाल पांचाल, उपाध्यक्ष रजनिश वगेरिया , महासचिव देवेंद्र घटालिया, संरक्षक अजीत मंगणिया, कोषाध्यक्ष केसरीमल कोठारी, युवा हर्षद जोदावत, हर्षित सेठिया, दीपेश कलाल, वीरा विंग की सदस्य जयश्री सोनी, राजेश्वरी पचाल और महावीर इंटरनेशनल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# स्वर्गीय पाटनी की स्मृति में स्वास्थ्य केंद्र में उपकरण भेट किए




**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ती ग्राम ईयारा में स्वर्गीय राजमल जी पाटनी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र प्रकाशचंद एवं सुपौत्र आदित्य पाटनी, अतिवीर फाउंडेशन मुंबई कोलकाता के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बेहतर संचालन हेतु संसाधन पूर्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि महावीर प्रसाद गंगवाल बेलडांगा प्रवासी के मुख्य आतिथ्य में स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक डिलेवरी टेबल भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि गांव ईयारा स्वर्गीय राजमल जी पाटनी की जन्मस्थली रही है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सोहन लोमरोड़,दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष लालचंद बगड़ा, समिति सचिव विनीत बगड़ा,गरिमा जी सहित काफी संख्या में गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र कंपाउंडर ने किया।

# अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ पहुंचा धुलियान में ...



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया।** भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का आगमन धुलियान में 2 मार्च शनिवार को हुआ। सुबह रथ को गाजे बाजे साथ घुमाया गया, रथ के पात्र सौधर्म इन्द्र बनने का सोभाग्य अजीत कुमार अजमेरा परिवार धुलियान को मिला ।दोपहर को रथ अरगांबाद मुर्शिदाबाद की और रवाना हुआ।रथ 5 मार्च 2024 तक मुर्शिदाबाद जिलाके जंगीपुर गनकर सन्मतिनगर लालगोला जियागंज बरहमपुर शहर घुमेगा। ग्यात हो गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी के सानिध्य प्रवर्तित अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ पुरा देश में भ्रमण कर रहा है।

संकलन : संजय बड़जात्या

# वेद ज्ञान

## शिक्षा का सही रूप...

इस धरती पर सिर्फ मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सभी प्राणियों में अकेला वही शिक्षित है। पशुओं को जिस भी दिशा में हांक दो, तो वे उसी ओर चलते चले जाएंगे, लेकिन मनुष्य के मामले में ऐसा नहीं होता। वह शिक्षा ग्रहण करता है और इसकी वजह से वह अपने हर कार्य से पूर्व अपनी बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करता है। अगर आज मनुष्य चांद-सितारों तक पहुंच गया है, तो यह उसकी शिक्षा का ही कमाल है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व होता है। शिक्षित होकर ही मनुष्य अपना और अपने समाज का विकास कर सकता है, जबकि अशिक्षित व्यक्ति और पशु में कोई भेद नहीं होता। हर मनुष्य को अपने जीवन लक्ष्य की पूर्ति के लिए शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। शिक्षा हमें सोचने की शक्ति देती है और हमारी तर्कशक्ति बढ़ाती है। शिक्षा हमें यह निष्कर्ष निकालने में मदद करती है कि क्या सही है और क्या गलत? शिक्षा से मनुष्य के विचारों में संतुलन और स्थिरता आती है। शिक्षा से हमारा धैर्य, चिंतन-मनन और संकल्प की शक्ति बढ़ती है। शिक्षा से हम गरीबी और अज्ञानता को मिटा सकते हैं और शिक्षा से ही हम अपने आस-पास शांति और भाई-चारे का माहौल बना सकते हैं। शिक्षा व्यक्ति को स्वयं के विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास के लिए भी प्रेरित करती है। शिक्षा ही वह धन है, जो बांटने से बढ़ता है, इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह खुद भी खूब पढ़े और उसे दूसरों को भी पढ़ाए। जो माता-पिता अपने बच्चों को नहीं पढ़ाते, वे उनके सबसे बड़े शत्रु होते हैं। आपको किसी का भला करना है, तो उसे शिक्षा ग्रहण करने में मदद कीजिए, क्योंकि पैसे या अन्य भौतिक वस्तुओं से आप किसी की दो एक बार ही मदद कर सकते हैं लेकिन शिक्षा देकर आप उसकी जीवन भर मदद कर सकते हैं। गीता में कहा गया है कि इस संसार में ज्ञान के समान और कुछ भी पवित्र नहीं है। शिक्षा समृद्धि में हमारा आभूषण, विपत्ति में शरण स्थली होती है। हालांकि हमारी शिक्षा सैद्धांतिक के साथ व्यावहारिक भी होनी चाहिए। हमें ऐसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, जिससे हमारा सर्वांगीण विकास हो सके। यानी ऐसी शिक्षा, जिससे हमारे चरित्र का गठन हो, मन का बल बढ़े, बुद्धि का विकास हो और व्यक्ति स्वावलंबी बने।

# संपादकीय

## मानवीयता के विरुद्ध इजरायली हमला...



दुनिया में कहीं भी युद्ध चल रहा होता है तो उसमें शामिल दोनों पक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करते हैं। इजराइली सीमा के भीतर घुस कर जब हमास ने हमला किया था, तब तमाम देशों ने हमास की आलोचना की थी और इजराइल ने अपने जवाबी हमले को बचाव की कोशिश बताया था। मगर उसके बाद से युद्ध जिस शक्ल में जारी है, इजराइली हमलों में गाजा पट्टी में करीब तीस हजार लोग मारे जा चुके हैं, उसे देखते हुए अब इजराइल की गतिविधियों की अनदेखी कर पाना खुद उसके पक्ष में खड़े देशों के लिए भी संभव नहीं जान पड़ रहा है। यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि घोषित तौर पर युद्ध जारी रहने के बावजूद किसी देश के सैनिक ऐसे लोगों पर हमला कर देंगे, बहुतों को मार डालेंगे, जो भूखे और लाचार खड़े कहीं से मानवीय मदद और भोजन मिल जाने की आस में थे। गुरुवार को उत्तरी गाजा में भूख का सामना कर रहे लोग मानवीय मदद पहुंचने और भोजन का इंतजार कर रहे थे, तभी इजराइली टैंकों के जरिए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें एक सौ बारह लोग मारे गए। इजराइली सैनिकों की इस कार्रवाई के बाद जहां अमेरिका और फ्रांस जैसे सहयोगी देश भी नाराज और दुखी हैं, ब्राजील, जर्मनी आदि कई देशों सहित संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी निंदा करते हुए इसकी जांच की मांग की है, मगर इजराइल



के रुख में कोई नरमी नहीं दिख रही। भारत ने भी कहा है कि इस तरह से इतने लोगों का मारा जाना और गाजा में स्थिति ''अत्यंत चिंता'' का विषय है। सवाल है कि आज क्या तमाम देशों की सहमति से तय किए गए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों पर अमल की अनिवार्यता समाप्त हो गई है कि युद्ध के दौरान किन हालात में और किन पर हमला करना है और कहां नहीं? आम लोगों, अस्पतालों, स्कूलों, शरणस्थलों जैसी कई जगहें तय की गई हैं, जिनमें विकट स्थितियों में भी हमला करने की मनाही होती है। मगर जो इजराइल अब तक फिलिस्तीन पर हमले को अपनी जवाबी कार्रवाई बताता रहा है, क्या वह भूख से लाचार लोगों पर इस तरह हुई गोलीबारी को सही ठहरा सकता है?

# परिदृश्य

## घटना के पीछे हमलावर का उद्देश्य!

बंगलुरु के कैफे में हुए बम विस्फोट से एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों में अधिक कड़ाई की जरूरत रेखांकित हुई है। हालांकि घटना के बाद प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और उसने दोषी को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। गनीमत थी कि विस्फोटक हल्की तीव्रता का था और उसमें ज्यादा बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उसमें दस लोग घायल हो गए। पता चला है कि शुक्रवार की दोपहर एक युवक बैग लेकर कैफे में घुसा और कुछ भोजन का आदेश देने के बाद बैग वहीं छोड़ कर चला गया। उसके कुछ देर बाद ही धमाका हो गया। सीसीटीवी कैमरे में उस युवक की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस अभी इस घटना को आतंकवादी साजिश मानने से इनकार कर रही है। गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हालांकि पुलिस इस विस्फोट का अध्ययन करीब चौदह महीने पहले मंगलुरु में इसी तरह एक प्रेशर कुकर में हुए विस्फोट से जोड़ कर करने का प्रयास कर रही है। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि अगर इस विस्फोट के पीछे किसी आतंकवादी संगठन का हाथ नहीं है, तो आखिर वहां किस तरह के अपराधी संगठन सक्रिय हैं, जो बंगलुरु में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बंगलुरु कर्नाटक की राजधानी है और वहां अनेक देशी-विदेशी साफ्टवेयर कंपनियों के मुख्यालय और शैक्षणिक संस्थान भी हैं। किसी व्यावसायिक शहर में इस तरह विस्फोट की घटनाओं से वहां के कारोबारियों के मनोबल पर बुरा असर पड़ता है। खासकर विदेशी कंपनियां ऐसी असुरक्षित जगहों पर अपना कारोबार चलाना ठीक नहीं मानतीं। इसलिए भी कर्नाटक सरकार के लिए यह विस्फोट एक चुनौती की तरह हुआ है। स्वाभाविक ही इस घटना के बाद बंगलुरु की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि ज्यादातर सार्वजनिक स्थानों पर अब सुरक्षा की दृष्टि से जांच के कड़े इंतजाम किए जाते हैं। थैले आदि की विशेष रूप से जांच की जाती है। इस तरह ऐसी जगहों पर बैग वगैरह में विस्फोटक छिपा कर ले जाना और अपनी साजिशों को अंजाम देना अपराधियों के लिए आसान नहीं होता है। मगर जिस कैफे में विस्फोट हुआ, वह एक छोटी-सी जगह है, इसलिए वहां जांच के ऐसे उपकरण इस्तेमाल नहीं होते रहे होंगे। शहरों में ऐसी अनेक छोटी-छोटी जगहें होती हैं, जिनमें बीस-पचास लोगों के बैठने और नाश्ता-भोजन आदि की व्यवस्था होती है। ऐसी जगहों पर प्रायः मशीनों से लोगों और चीजों की जांच के इंतजाम नहीं किए जाते। उसी का फायदा बंगलुरु विस्फोट के अपराधी ने उठाया। आतंकवादी गतिविधियों से सबसे अधिक खतरा ऐसी ही जगहों पर होता है, जहां भीड़भाड़ अधिक रहती है और बाजार में जांच आदि के पुख्ता इंतजाम नहीं होते। आतंकवादियों और शरारती तत्त्वों के लिए ऐसी जगहों पर अपनी साजिशों को अंजाम देना और कम विस्फोटक के जरिए अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाना आसान होता है। यह ठीक है कि हर छोटी-छोटी दुकान का मालिक ग्राहकों और उनकी वस्तुओं की जांच की व्यवस्था नहीं कर सकता, मगर ऐसे इलाकों के प्रवेश द्वारों पर सरकार की तरफ से जांच के इंतजाम तो किए ही जा सकते हैं। हालांकि अक्सर देखा गया है कि जिन जगहों पर ऐसे इंतजाम हैं भी वहां जांच उपकरण ठीक ढंग से काम नहीं करते। बंगलुरु की घटना एक तरह से देश के सभी संवेदनशील शहरों में सुरक्षा इंतजाम को लेकर चेतावनी की घंटी है।

# अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ चौमूं पहुंचा



**चौमूं, जयपुर. शाबाश इंडिया।** पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ भगवान ऋषभदेव की जन्म भूमि से अयोध्या धाम से निकलकर संपूर्ण भारतवर्ष में भ्रमण कर रहा है। इसी क्रम में नगर नगर भ्रमण करता हुआ रथ का चोमू नगर में प्रवेश हुआ ।जैन समाज प्रवक्ता पंकज बडजात्या ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज चोमू के सानिध्य में प्रातः 48 दीपको द्वारा भक्तामर स्त्रोत पाठ किए गए ।नया बाजार स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य नरेश कुमार नितेश कुमार नवीन कुमार पहाड़िया को प्राप्त हुआ। कुबेर इंद्र के डाक का सौभाग्य राजेंद्र कुमार अभिषेक कुमार बडजात्या को, भगवान को पालने में झूलने का सौभाग्य राजेंद्र कुमार विनोद कुमार कासलीवाल को प्राप्त हुआ एवं आरती करने का सौभाग्य महिला मंडल को प्राप्त हुआ । इन सभी पात्रों का जैन समाज के महिला मंडल एवं पुरुष वर्ग द्वारा सम्मान किया गया भगवान की आरती होने के पश्चात भारी लवाजमे बैंड बाजा के साथ विशाल शोभा यात्रा चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, लक्ष्मीनाथ चौक, बावड़ी गेट बस स्टैंड, थाना मोड, धोली मंडी, रावण गेट होते हुए नया बाजार स्थित शांति नाथ मंदिर पहुंची। इन सभी कार्यक्रमों के दौरान जैन समाज के पदमचंद जैन पारस कासलीवाल, पारस जैन, ज्ञानचंद जैन, हीरालाल जैन, नितेश पहाड़िया, अनिल पहाड़िया, सुनील जैन, रविंद्र जैन, अशोक जैन, नरेंद्र जैन, विशाल जैन, ऋषभ रारा, मालचंद बिलाला महेश छाबड़ा, नेमीचंद जैन महिला मंडल अध्यक्ष सुमन देवी पहाड़िया, सुनीता चौधरी, कमला देवी, शिप्रा देवी, संतोष देवी, शकुंतला देवी, सरोज देवी,उषा देवी, ममता देवी, लक्ष्मी देवी आदि श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

# सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक तथा आठवें तीर्थंकर चंद्र प्रभु भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया




**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ,पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर चंद्रपुरी जिनालय सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक, चंद्र प्रभु का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इस अवसर पर परिक्षेत्र सहित कस्बे के सभी जिनालयों में विशेष आयोजन आयोजित किए गए तथा कार्यक्रम में रविवार को प्रातः श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना के बाद चन्द्रपुरी जैन मंदिर में पूजा के बाद श्री जी के समक्ष सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य, तथा चंद्र प्रभु भगवान का ज्ञान कल्याणक का अर्घ्य अर्पित कर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए जयकारों के साथ सामूहिक रूप से श्री जी के समक्ष अर्घ्य अर्पित किया गया।

# रिश्ते बनते हैं अच्छे स्वभाव से :गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) के तत्वावधान में परम पूज्या श्रमणी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन श्री चन्द्रप्रभ भगवान का ज्ञान कल्याणक एवं श्री सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रभुभक्त महेश मोटूका वाले निवाई वालों ने प्रभु की आम शांतिधारा एवं निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। तत्पश्चात भक्तों ने झूम-नाच कर भक्ति के साथ अष्ट द्रव्य मय अर्घ्य समर्पित किए। गुरुभक्त परेश जैन जयपुर सपरिवार ने गुरुमाँ की आहारचर्या निर्विघ्न सम्पन्न कराकर अक्षय पुण्य का संचय किया। सिद्धार्थ नगर महिला मंडल ने गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। आज के स्वार्थी युग में रिश्तों को बरकरार रखने का सदुपदेश देते हुए माताजी ने कहा कि- अच्छा स्वभाव और अच्छा दिल होना दोनों आवश्यक है। अच्छे दिल से रिश्ते बनते है और अच्छे स्वभाव से वो जीवनभर टिकते है। गलती हर इंसान से होती है लेकिन गलती सुधारता वहीं इंसान है, जो दिल का साफ होता है और रिश्तों को खोना नहीं चाहता है। काश लोग समझ जायें कि रिश्ते एक दूसरे का ख्याल रखने के लिए बनाये जाते है, एक-दूसरे का इस्तेमाल करने के लिए नहीं।

# सबसे ज्यादा प्रकाश ज्ञान का होता है: स्वस्तिभूषण माताजी

## गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी का मंगल आगमन दिगंबर जैन नसिया बारां से बारां नगर में विद्या पूर्ण दिव्य घोष की ध्वनि के साथ हुआ

**बारां. शाबाश इंडिया**



भारत गौरव स्वस्तिधाम प्रणेत्री परम् विदुषी लेखिका गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माता जी ससंघ का कल बारां नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ रविवार की प्रातः बेला में भव्य शोभायात्रा के साथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र , (नसिया जी) बारां से शहर के मध्य स्थितश्री 1008 नेमिनाथ दिगम्बर जैन (जोड़ला मन्दिर) में हुआ। अमित जैन ने बताया कि शोभायात्रा नसिया जी से -अंबेडकर सर्किल -दीनदयाल पार्क -प्रताप चौक -धमार्दा चौराहा - सदर बाजार होते हुए जोड़ला मंदिर पहुँची । पूज्य माताजी की नगर में भव्य अगवानी हुई जगह-जगह माताजी का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती करते हुए अगवानी की गई। इस शोभायात्रा को विद्या पूर्ण दिव्य घोष ने भक्तिमय बना दिया महिला शक्ति इस दिव्य घोष को बजा रही थी। जय जय कारों का शोर सुनाई दे रहा था एवं भक्ति में मगन-भक्ति दिखाई पड़ रहे थे। यह शोभायात्रा, जोड़ला मन्दिर पहुंची जो धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। धर्म सभा में सर्वप्रथम कोटा से आए भक्तों ने आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मनीष भैया ने कहा कि संतों के चरण जिस धरा पर पढ़ते हैं। वह नगरी धर्ममय बन जाती है। पूज्य माताजी ने इस अवसर पर प्रवचन में सबसे पूछा की प्रकाश किसका अधिक होता है। तो सभी बैठे भक्तों ने कहा किसी ने कहा सूर्य का प्रकाश सबसे अधिक होता है, किसी ने कहा दीपक का प्रकाश, किसी ने कहा सूर्य का प्रकाश, किसी ने चांद का प्रकाश सर्वाधिक बताया गुरु मां ने इस पर कहा सबसे ज्यादा प्रकाश ज्ञान का होता है। पूज्य माता जी के सानिध्य में बारा दिगंबर जैन नसिया में 8 मार्च 2024 को आचार्य ज्ञान सागर महाराज का उपकार दिवस मनाया जाएगा। **अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**






# लागत लेखाकार संस्थान के उत्तर भारत रीजन में ब्यावर चैप्टर को सर्वश्रेष्ठ चैप्टर के अवार्ड से नवाजा गया


## लगातार तीसरे वर्ष अवार्ड मिलने से सदस्यों में खुशी

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**





**ब्यावर।** भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के उत्तर भारत रीजन के सदस्यों हेतु शनिवार को नई दिल्ली स्थित संस्थान के प्रांगन में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यावर चैप्टर को समस्त उत्तर भारत रीजन में सर्वश्रेष्ठ चैप्टर के अवार्ड से सम्मनित किया गया। ब्यावर चैप्टर चेयरमैन सीएमए मितेश चोपडा, चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सीएमए रुपेश कोठारी ने अवार्ड लिया। इस अवसर पर चैप्टर चेयरमैन सीएमए मितेश चोपडा ने अपने उद्बोधन में लागत लेखाकार संस्थान के समस्त पदाधिकारियों को ब्यावर चैप्टर की कार्यशेली और नए नए विविध नवाचारो के लिए सम्मानित करने हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही संस्थान की प्रगति हेतु कुछ अन्य महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इसी अवसर पर पूर्व चेयरमैन सीएमए रुपेश कोठारी ने अपने उद्बोधन में चैप्टर्स के संचालन में आ रही कठिनाइयो के बारे में वरिष्ठ सदस्यों को अवगत कराया और अनेक सुझाव दिए। ज्ञातत्व रहे की ब्यावर चैप्टर अपनी नेतृत्व क्षमता और कार्यप्रणाली के कारण अपनी स्थापना के बाद से लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान पर बेस्ट चैप्टर का अवार्ड प्राप्त कर रहा है। ब्यावर चैप्टर के सचिव सीएमए मनदीप सिंह ने बताया कि अवार्ड सेरेमनी से पूर्व कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला 'एम.एस.एम.ई. टू ग्लोबल' सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमे जैन वेंचर्स के फाउंडर सीएमए पंकज जैन ने एम.एस.एम.ई से ग्लोबल बनने के लिए जो प्रयास उद्यमी को करने चाहिए उस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लागत लेखाकार संस्थान के केंद्रीय परिषद के सदस्य सीएमए नवनीत जैन, सीएमए एम.के.आनंद, उत्तर भारत रीजन के चेयरमैन एस.एन.मित्तल आदि कई दिग्गज सदस्य उपस्थित थे ।इस अवसर पर उत्तर भारत रीजन के समस्त चैप्टर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ब्यावर चैप्टर को अवार्ड मिलने पर सीएमए ज्योति माहेश्वरी, सीएमए मयंक पीपाड़ा, सीएमए प्रकाश कोठारी, सीएमए मनदीप सिंह, सीएमए अंकुर सिंघल, सीएमए शुभम सांखला, सीएमए नवनीत मुनोत, सीएमए चिन्मय माहेश्वरी, सीएमए दिव्यांश चोपडा, सीएमए रवि भाटी, सीएमए चैनराज नहार, सीएमए सुमित खींचा, सीएमए गोविंद नौगजा, सीएमए मेघा सोनी, सीएमए ऐश्वर्या जैन आदि सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।




# संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर आप बहुत याद आएंगे



**आचार्य विद्यासागर जी गुरुदेव ने अपने दीक्षा पश्चात 56 चातुर्मास किए थे। बोहरा ने बताया की 9 मार्च को उक्त कार्यक्रम में 56 मंच बनाकर 56 परिवारों द्वारा आचार्य श्री की महाआरती भी की जायेगी...**

## अजमेर जिला सकल जैन समाज द्वारा 9 मार्च को भव्य भावांजली कार्यक्रम


**किशनगढ़, अजमेर. शाबाश इंडिया**

प्रातः स्मरणीय, प्रतिपल वंदनीय, संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज जिनकी दीक्षा अजमेर की पावन धरा पर हुई थी दीक्षा के पश्चात आचार्य गुरुदेव ने विद्यासागर तपोवन में तपस्या को धारण किया था। किशनगढ़ समाज के चन्द्र प्रकाश बैद एवं इंदरचंद पाटनी ने बताया की भगवान महावीर स्वामी के पश्चात सबसे ज्यादा धर्म प्रभावना करने वालें महामना आचार्य विद्यासागर गुरुदेव जिनकी समतापूर्वक समाधि दिनांक 18 फरवरी को चन्द्रगिरी डोंगरगढ़ में हों गयी थी। उन महामना आचार्य की तपस्थली विद्यासागर तपोवन अजमेर में दिनांक 9 मार्च को अजमेर, किशनगढ़, नसीराबाद, ब्यावर, केकड़ी, विजयनगर की सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा समाधिस्त आचार्य विद्यासागर जी गुरुदेव को भजन भावांजलि के माध्यम से विनयांजली देंगे। श्री दिगंबर जैन मुनि संघ सेवा जागृति मंच अजमेर के तत्वाधान में होने जा रहे हैं इस कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन धर्म शिरोमणि, जैन रत्न, श्रावक श्रेस्टी अशोक सुशीला पाटनी आर. के. मार्बल ग्रुप किशनगढ़ द्वारा किया गया। विमोचन के दौरान श्रद्धेय अशोक पाटनी साहब ने कहा कि ऐसे महान आचार्य से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हमें धर्म प्रभावना करनी चाहिए ।पाटनी ने कहा कि यह आयोजन हमें आचार्य श्री के ओर करीब लेकर आएगा हम उनके गुण महिमा का गुणानुवाद करके अपने जीवन को धन्य करेंगे। विमोचन में इंदरचंद पाटनी एवं चन्द्र प्रकाश बैद भी उपस्थित थे। आमंत्रण पत्रिका की प्रति समाजसेवी निहालचंद पहाड़िया को भी भेंट की गयी। आयोजन समिति के प्रवक्ता संदीप बोहरा ने बताया कि 9 मार्च को शाम 7:30 बजे से अजमेर में होने जा रहे इस भव्य कार्यक्रम में किशनगढ़ जैन समाज से सैकड़ो श्रद्धालु भाग लेंगे। विदित हों कि इस आयोजन में अजमेर, किशनगढ़, नसीराबाद, ब्यावर, केकड़ी के सकल दिगंबर जैन समाज बंधु हिस्सा ले रहे हैं संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की दीक्षा के उपरांत अजमेर में दो किशनगढ़ में एक एवं ब्यावर में एक चातुर्मास हुआ था। आचार्य विद्यासागर जी गुरुदेव ने अपने दीक्षा पश्चात 56 चातुर्मास किए थे। बोहरा ने बताया की 9 मार्च को उक्त कार्यक्रम में 56 मंच बनाकर 56 परिवारों द्वारा आचार्य श्री की महाआरती भी की जायेगी। चन्द्र प्रकाश बैद ने बताया कि 9 मार्च को आयोजित किये जा रहे इस भव्य कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, सांसद भागीरथ चौधरी, किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, अजमेर दक्षिण विधायक अनीता बघेल कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**रिपोर्ट : चन्द्र प्रकाश बैद**

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से

कहते हैं सच का कोई मुकाबला नहीं..
मगर आज झूठ की पहचान बहुत है..!




**शाबाश इंडिया।** आज धर्म स्थलों पर प्रायः स्वार्थियों और व्यापारियों के अड्डे बन गए हैं, असली धर्म को हमने तिजोरियों में बंद कर दिया है और नकली पूरे बाजार में (संसार) घूम रहा है। कहा है ना -- नकली सिक्के असली सिक्के को चलन से बाहर कर देते हैं, यही आज धर्म के साथ हो रहा है। असली धर्म की आत्मा को तो, धर्म के ठेकेदारों ने कहीं छुपा रखा है, और नकली धर्म पूरे बाजार में चल रहा है। याद रखना! धर्म के दुश्मन नास्तिक नहीं, बल्कि तथाकथित आस्तिक है। जो धर्म को अपने स्वार्थ पूर्ति का साधन बना कर, उसे बेचने तक में संकोच नहीं करते। हीरे के दुश्मन कंकर पत्थर नहीं है, धर्म के दुश्मन तो नकली हीरे हुआ करते हैं। कंकर पत्थर तो अलग ही पहचाने जाते हैं, नकली हीरो को पहचान पाना किसी जोहरी का ही काम हो सकता है, हर किसी का नहीं। आज तो नकली हीरो में असली हीरे से भी ज्यादा चमक दिखाई दे रही है। मगर यह चमक कितने दिनों की है-- ? चार दिनों की चांदनी फिर अंधेरी रात।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति बना श्रेष्ठ ग्रुप




## फेडरेशन द्वारा अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर पर चार गेटेगिरी में किया पुरस्कृत

**कुंडलपुर, दमोह. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कुंडलपुर बड़े बाबा के प्रांगण में आयोजित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि भव्य समारोह में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति को श्रेष्ठ ग्रुप के पुरस्कार से फेडरेशन अध्यक्ष राकेश विनायका द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सन्मति ग्रुप को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में रक्तदान शिविर आयोजन, धार्मिक कार्यक्रम तथा रीजन के साथ सहयोग के लिए भी श्रेष्ठ ग्रुप के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवम सन्मति ग्रुप के संरक्षक सुरेंद्र जैन पांड्या, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यश कमल अजमेरा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला, सन्मति अध्यक्ष मनीष - शोभना लोंग्या, संस्थापक अध्यक्ष राकेश- समता गोदिका, कोषाध्यक्ष कमल-मंजू ठोलिया भी उपस्थित थे।




# नर सेवा, नारायण सेवा

## बान्दनवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने किया 450 यूनिट रक्तदान



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** झड़वासा के निकट जतिन स्मारक बान्दनवाडा में स्व. रतन लाल लोढ़ा की पुण्य स्मृति में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तवीरों ने 450 यूनिट रक्त दान किया। भारत विकास परिषद शाखा बान्दनवाडा के संरक्षक किशन गोपाल परिहार, भंवर सिंह राठौड़ व अध्यक्ष प्रिंस जैन व कार्यकर्ता एडवोकेट बलवीर सिंह राठौड़ ने बताया की जिन रक्तवीरों ने इस ऐतिहासिक रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान किया उनको लोढ़ा परिवार के शांतिलाल, रिखबचंद, अजित कुमार, जितेंद्र कुमार सिंघावल द्वारा स्मृति चिन्ह व दुपट्टा ओढाकर सम्मानित भी किया गया।

# विद्या विनयांजलि सभा में सम्मिलित हुए श्रध्दालु



**मकरोनिया सागर. शाबाश इंडिया।** रविवार को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समतापूर्वक समाधि मरण पर विधान एवं आचार्यश्री की पूजन श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दीनदयालनगर मकरोनिया सागर में आयोजित कर विनयांजलि सभा में शताधिक लोगों ने भाग लिया। आचार्यश्री की पूजन व विनयांजलि के समय सभी की आंखें नम हो गई। पं द्रव श्रवण कुमार व सुदर्शन शास्त्री के निर्देशन में कार्यक्रम में पदाधिकारी सहित निखिल शास्त्री, कल्पना जैन शिक्षका, सविता नायक, अशोक गोदरे आदि सम्मिलित रहे।

**वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी / रत्नेश जैन बकस्वाहा**

# महानगर ग्रुप का म्यूजिकल योगा एवं गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा अपने सदस्यों के लिए म्यूजिकल योगा एवं जुम्बा का एक विशेष सत्र सिटी पार्क ,मानसरोवर में आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप अध्यक्ष संजय जैन आँवा ने बताया फिटनेस कोच मनप्रीत कौर द्वारा कराए गए इस योग सत्र में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में जुंबा एवं योग द्वारा किस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है इस बात पर चर्चा भी की गई। सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि इसका आयोजन महानगर रेंजर्स एवं महानगर अवेंजर्स ने मिलकर किया ।इसके पश्चात सभी सदस्यों ने दुगार्पुरा गौशाला में जाकर अपने मासिक गौ सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लिया । गौ सेवा कार्यक्रम के पुण्यार्जक सुरेंद्र -सरिता पाटनी रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जैन, चंद्रशेखर जैन ,रवि प्रकाश जैन , वीरेन्द्र जैन ,दीपेश जैन और डॉ राजीव जैन के साथ साथ ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।



# जवाहर नगर पुरस्नाराम पार्क के चुनाव संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पुरस्नाराम पार्क सेक्टर 5 के वार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुए। जिसमें ऋषि जैन अध्यक्ष,अशोक चंदानी महासचिव, बलवंत सिंह, राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष,संगीत महर्षि,गौरव कपूर संयुक्त सचिव, राजीव मेहता कोषाध्यक्ष, सुंदर वाधवानी सांस्कृतिक सचिव, ईश्वर ज्ञानचंदानी, कन्हैया लाल शर्मा संगठन मंत्री,रमेश होटला पार्क रखरखाव सचिव, महेश कलवानी, मुकेश साध, रामचंद्र खुबानी ,आर. डी. अग्रवाल,मोहन तलरेजा संरक्षक बनाए गए,इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि जैन ने पूरी कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया,और रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया

# रंगारंग कार्यक्रमों से खिल उठा वार्षिकोत्सव ''भारतीय संस्कृति'' 2023-24






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुंबई के सुप्रसिद्ध संस्थान पोदार एजुकेशन की आरे से संचालित, पोदार जंबो किड्स जयपुर की सभी शाखाओं का वार्षिकोत्सव आज वैशाली नगर स्थित भारतम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर हुई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर पोदार एजुकेशन मुंबई के चैयरमैन श्री राघव पोदार के संबोधन के साथ हुई। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाले अभिनय प्रस्तुति से दर्शकों को अभिभूत कर दिया । कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की अखंडता, प्रभुता, समृद्धता एवम्‍विविधता को दशार्ने वाले मनमोहक गीत और विभिन्न सांस्कृतिक विषयों को दशार्ने वाले मनमोहक अभिनय शामिल रहे। कार्यक्रम में भारत की विरासत के सार को जीवंत करते हुए बच्चों के समर्पण और शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, बल्कि हमारे देश की विविध सांस्कृतिक विरासतों से सभी को अवगत कराया । पोदार जंबो किड्स जयपुर की सभी शाखाओं की प्रधानाचार्या मेघा त्यागी, रुचि जैन, जागृति पाठक, मधु भारती एवम्‍बरखा शर्मा ने अपनी - अपनी शाखाओं का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल पोदार वर्ल्ड स्कूल जयपुर सुमिता मिन्हास के संबोधन के साथ किया गया ।